# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 17 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 18 - 35 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 36 - 51 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 52 - 69 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 70 - 86 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 87 - 101 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 102 - 119 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 120 - 135 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 136 - 152 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 153 - 168 |

**1. नीचे दो कथन दिए गए हैं :**
**कथन- I : सिन्धु सरस्वती सभ्यता नगर योजना हेतु प्रसिद्ध थी।**
**कथन- II : उन्नत सिन्धु सरस्वती सभ्यता का विकास सिन्धुघाटी की सहायक नदियों और सरस्वती नदी क्षेत्र के किनारे हुआ था।**
**उपरोक्त कथन के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :**
(a) कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(b) कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(c) कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(d) कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**2. सुमेलित कीजिए –**

| **(पुरावशेष)** | **(स्थल)** |
|---|---|
| **A. प्रस्तर हाथी** | **1. साँची** |
| **B. चार एशियन सिंह** | **2. धौली** |
| **C. भव्य प्रवेश द्वार** | **3. एलिफेन्टा** |
| **D. त्रिमूर्ति प्रतिमा** | **4. सारनाथ** |

(a) A-2, B-4, C-1, D-3 (b) A-3, B-4, C-1, D-2
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-1, C-4, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**3. नीचे दिए गए दिल्ली के सुल्तानों के वंशों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए**
**1. खिलजी**
**2. तुगलक**
**3. सैय्यद**
**4. गुलाम**
(a) 4, 1, 3, 2 (b) 1, 4, 2, 3
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 4, 1, 2, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**4. नीचे दो कथन दिए गए हैं :**
**कथन (I): डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने मार्च 1927 में हिंदू जाति की प्रतिगामी प्रथाओं को चुनौती देने हेतु महाड सत्याग्रह का नेतृत्व किया।**
**कथन (II): डॉ. अम्बेडकर ने 1924 में सरकार के समक्ष दलितों की कठिनाइयों और शिकायतों को उजागर करने हेतु बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की।**
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें।**
(a) कथन (I) गलत है, लेकिन कथन (II) सही है।
(b) कथन (I) और कथन (II) दोनों सही हैं।
(c) कथन (I) और कथन (II) दोनों गलत हैं।
(d) कथन (I) सही है, लेकिन कथन (II) गलत है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**5. निम्नांकित में से कौन–से कथन सत्य है?**
**1. रंगमहल का उत्खनन वी. एन. मिश्रा एवं राजस्थान राज्य पुरातत्त्व विभाग ने संयुक्त रूप से 1959 ई. में किया था।**
**2. उत्तरी राजस्थान में रंगमहल प्राक्–हड़प्पा युगीन पुरास्थल है।**
**3. रंगमहल का उत्खनन स्वडिश के पुरातत्त्वविद हन्नारिड़ ने 1952–53 ई. में किया था।**
**4. रंगमहल संस्कृति कुषाणकालीन है।**
**कूट:–**
(a) 1 और 4 (b) 3 और 4
(c) 2 और 3 (d) 1 और 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**6. निम्नलिखित प्रश्न में दो वक्तव्य दिए गए हैं, जिनमें से एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए–**
**कथन (A): आहड़ सभ्यता को प्राचीन काल में 'ताम्रवती नगरी' के नाम से जाना जाता था।**
**कारण (R): आहड़ के उत्खनन स्थल से बड़ी संख्या में ताँबे के औजार, उपकरण एवं गलाने की भट्टियाँ प्राप्त हुई हैं।**
**कूट (Codes):**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(c) (A) सत्य है, परंतु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है, परंतु (R) सत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**7. प्रतिहारों की उत्पत्ति के संबंध में निम्नलिखित सिद्धांतों और उनके प्रतिपादकों को सुमेलित कीजिए–**

| **(सिद्धांत/मत)** | **(प्रतिपादक/समर्थक)** |
|---|---|
| **I. अग्निवंशी** | **1. डॉ. कनिंघम** |
| **II. शक या सीथियन** | **2. चंद्रबरदाई** |
| **III. कूषाण (यू - ची)** | **3. डॉ. स्मिथ** |
| **IV. हूण** | **4. जेम्स टॉड व क्रुक** |

**सही कूट (Code) का चयन करें:**
(a) I-2, II-1, III-4, IV-3
(b) I-2, II-4, III-3, IV-1
(c) I-2, II-4, III-1, IV-3
(d) I-3, II-4, III-1, IV-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. 1857 की क्रांति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. 1857 की क्रांति का प्रतीक चिह्न 'कमल का फूल' और 'चपाती' (रोटी) को चुना गया था।**
**2. विद्रोह के समय ब्रिटेन (इंग्लैंड) के प्रधानमंत्री लॉर्ड पामर्स्टन थे।**
**3. क्रांति के दौरान उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत का मुख्यालय आगरा में स्थित था और अंग्रेजों का मुख्य शस्त्रागार अजमेर था।**
**4. 1857 की क्रांति के समय अजमेर-मेरवाड़ा का कमिश्नर 'जॉर्ज पैट्रिक लॉरेंस' था।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?**
(a) 1, 2 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. राजस्थान एकीकरण के प्रथम चरण 'मत्स्य संघ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. मत्स्य संघ का उद्घाटन 18 मार्च, 1948 को एन. वी. गाडगिल द्वारा भरतपुर के किले में किया गया था।**
**2. इस संघ की राजधानी धौलपुर को बनाया गया।**
**3. 'मत्स्य संघ' नाम का सुझाव कन्हैयालाल माणिकलाल (के.एम.) मुंशी द्वारा दिया गया था।**
**4. शोभाराम कुमावत को इस संघ का प्रधानमंत्री और जुगल किशोर चतुर्वेदी को उप-प्रधानमंत्री बनाया गया।**
**5. इस संघ में चार रियासतें (अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली) और नीमराणा ठिकाना शामिल थे।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 5 (b) केवल 1, 3, 4 और 5
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. राजस्थान के जनजातीय आंदोलनों के संदर्भ में 'युग्मों' पर विचार कीजिए-**

| **आंदोलन / घटना** | **संबंधित व्यक्तित्व** |
|---|---|
| **I. एकी आंदोलन** | **मोतीलाल तेजावत** |
| **II. भील सेवा मण्डल** | **अमृतलाल विठ्ठलदास ठक्कर** |
| **III. भगत आंदोलन** | **गोविंद गिरी** |
| **IV. मीणा क्षेत्रीय सभा** | **जैन मुनि मगन सागर** |

**उपरोक्त में से कितने युग्म (Pairs) सही सुमेलित हैं?**
(a) केवल एक युग्म (b) केवल दो युग्म
(c) केवल तीन युग्म (d) सभी चारों युग्म
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. प्रजामण्डल आन्दोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए -**
**(अ) भूपेन्द्रनाथ त्रिवेदी के अथक प्रयासों से बांसवाड़ा प्रजामण्डल की स्थापना हुई।**
**(ब) कृष्ण दत्त पालीवाल की अध्यक्षता में धौलपुर प्रजामण्डलं की स्थापना हुई।**
(a) केवल (अ) सत्य है
(b) केवल (ब) सत्य है
(c) (अ) और (ब) दोनों सत्य हैं
(d) (अ) और (ब) दोनों असत्य हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. लोकदेवता हड़बूजी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**i. इनका जन्म भुंडेल (नागौर) में हुआ था और ये शकुन शास्त्र के ज्ञाता माने जाते हैं।**
**ii. हड़बूजी बाबा रामदेव जी के मौसेरे भाई थे और इनके गुरु का नाम बालीनाथ था।**
**iii. इनका प्रमुख पूजा स्थल बेंगटी (फलोदी) है, जहाँ इनकी गाड़ी की पूजा की जाती है।**
**iv. राव जोधा ने इन्हें बेंगटी की जागीर भेंट की थी और इनका वाहन 'सियार' है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल i और ii (b) केवल ii और iii
(c) केवल i, iii और iv (d) i, ii, iii और iv
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. नारायणी माता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. नारायणी माता नाई जाति की कुल देवी हैं और उनका मंदिर 'प्रतिहार शैली' में बना है।**
**2. इनके मंदिर में पुजारी मीणा जाति का होता है।**
**3.इनका मेला वैशाख शुक्ल एकादशी को भरता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 3 दोनों (d) उपर्युक्त तीनों
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| **(A) सिंहथल शाखा** | **(1) संत रामचरण** |
| **(B) रैण शाखा** | **(2) संत हरिराम दास** |
| **(C) खेड़ापा शाखा** | **(3) संत रामदास** |
| **(D) शाहपुरा शाखा** | **(4) संत दरियाव** |

(a) A-1, B-3, C-2, D-4 (b) A-2, B-4, C-3, D-1
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-3, B-1, C-4, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. राजस्थान के प्रमुख दुर्गों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन I: हनुमानगढ़ में स्थित भटनेर दुर्ग को 'उत्तरी सीमा का प्रहरी' कहा जाता है।**
**कथन II: इसके वास्तुकार कैकेया थे।**
**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
(a) कथन I और II दोनों सही हैं।
(b) केवल कथन II सही है।
(c) केवल कथन I सही है।
(d) कथन I और II दोनों गलत हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. निम्नलिखित कूटो में से सही कूट का चयन करे -**
**1. प्रथम 50 प्राकृत संख्याओं (Natural Numbers) का योग 1275 है-**
**2. 60 से 80 के बीच सभी अभाज्य संख्याओं का योग 340 है?**
**3. यदि प्रथम n प्राकृत संख्याओं का माध्य (Mean) 2n/3 हो, तो n का मान 3 होगा-**
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) सभी सही है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. 588 मीटर लम्बे और 50 मीटर चौड़े एक आयताकार खेते में एक 30 मीटर लम्बा, 20 मीटर चौड़ा व 12 मीटर गहरा टांका खोदा जाता है। इस प्रकार खोद कर निकाली गई मिट्टी बालू को खेत के शेष भाग में एक समान रूप से फैला दिया जाता है। इससे खेत की बढ़ी हुई ऊँचाई होगी-**
(a) 25 मीटर (b) 2.5 सेमी
(c) 2.5 मीटर (d) 25 सेमी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. यदि a, b, c का माध्य M हो तथा ab+bc+ca=0 तो $a^2, b^2, c^2$, का माध्य है-**
(a) $M^2$ (b) $3M^2$
(c) $5M^2$ (d) $9M^2$
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. समंकों का वर्गीकरण है-**
(a) सारणीकरण की प्रथम अवस्था
(b) सारणीकरण की द्वितीय अवस्था
(c) सारणीकरण की तृतीय अवस्था
(d) सारणीकरण की अन्तिम अवस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. एक स्कूल में 1200 छात्र पढ़ते हैं। वे स्कूल आने-जाने के लिए अलग-अलग परिवहन साधनों का चयन करते हैं। छात्रों की संख्या को उनके परिवहन साधनों के साथ एक पाई आरेख में दर्शाया गया है।**




**............... प्रतिशत छात्र पैदल स्कूल जाते हैं और .............. प्रतिशत छात्र साइकिल से जाते हैं।**
(a) 13, 26 (b) 12, 24
(c) 15, 30 (d) 30, 43
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. समीकरण $\frac{4x+17}{18} - \frac{13x-2}{17x-32} + \frac{x}{3} = \frac{7x}{12} - \frac{x+16}{36}$ का हल है-**
(a) $x = -4$ (b) $x = 4$
(c) $x = \frac{1}{4}$ (d) $x = -\frac{1}{4}$
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. यदि $1.\overline{42} = \frac{p}{q}$, जहाँ $p$ तथा $q$ प्राकृत संख्याएँ (Natural Numbers) है जिनके मध्य कोई उभयनिष्ठ गुणनखण्ड (Common Factor) नहीं है, तो $\frac{p+q}{p-q}$ का मान है -**
(a) $\frac{40}{7}$ (b) $\frac{43}{9}$
(c) $\frac{14}{3}$ (d) $\frac{43}{41}$
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. एक लड़का अपने दोस्त से मिलने सुबह 8:30 बजे आता है, वह फिर 9:15 बजे आता है फिर तीसरी बार 10:15 बजे आता है और चौथी बार 11:30 बजे आता है। वह फिर कब आएगा?**
(a) दोपहर 12:30 बजे
(b) दोपहर 01:00 बजे
(c) दोपहर 01:15 बजे
(d) दोपहर 12:45 बजे
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. प्रश्नचिन्ह के स्थान पर क्या आएगा?**
**LANGUAGE : PCRIYCKG :: COMPUTER : ?**
(a) GQRRYVIT (b) GQQRYVIT
(c) GQQRYSIT (d) GQMNYVIT
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. एक परिवार में छह सदस्य A, B, C, D, E और F हैं। B का विवाह C से हुआ है। F, E की माता है और D, F की पुत्री है। A की पुत्री E है और C का पुत्र A है। परिवार में दो विवाहित जोड़े (Married Couples) हैं। निम्न में से कौन सा सही है?**
(a) C, D की दादी है। (b) E, C की पौत्री है।
(c) B, E का दादा है। (d) C, A की माता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. निम्नलिखित शब्दों में दीर्घ–गुण–वृद्धि–यण–अयादि सन्धि के उदाहरणों को पहचानकर इसी क्रम में व्यवस्थित कीजिए–**
**A. सोमेश**
**B. नवांकुर**
**C. लोकैश्वर्य**
**D. गायन**
**E. प्रत्यूष**

**कूट :**
(a) A, B, C, D, E (b) B, A, C, E, D
(c) A, C, B, D, E (d) B, C, A, D, E
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्दों में उपसर्ग तथा प्रत्यय (दोनों) का प्रयोग हुआ है–**

(a) उनतीस, वर्तमान
(b) भुलक्कड़, हँसोड़ा
(c) फिलहाल, अधकचरा
(d) सुवासिक, अभिमानी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. निम्नलिखित में से अनमेल अनेकार्थक शब्द हैं-**

(a) हंस–मराल, सूर्य, घोड़ा
(b) हरि–बंदर, विष्णु, सर्प
(c) नग–पक्षी, शून्य, वन
(d) धन–जोड़, संपत्ति, पारितोषिक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए :**

| सूची–I (शब्द) | सूची–II (विपरीतार्थक शब्द) |
|---|---|
| A. ऊर्ध्व | I. मधुर |
| B. अवसान | II. अधः |
| C. तिक्त | III. आरंभ |
| D. सुधा | IV. गरल |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए**

(a) A – I, B – III, C – II, D – IV
(b) A – II, B – III, C – I, D – IV
(c) A – III, B – IV, C – I, D – II
(d) A – IV, B – II, C – I, D – III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. किस विकल्प के भिन्नार्थक शब्दों का अर्थभेद सही नहीं है?**

(a) इंद्र – देवराज, इन्दु -चन्द्रमा
(b) उर - हृदय, उरु - विशाल
(c) ग्रंथि – पुस्तक, ग्रंथी - सिक्ख धर्म का पुरोहित
(d) अपत्य – सन्तान, अपथ्य - स्वास्थ्य नाशक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. Identify the type of sentence given below in reported speech.**

**Ria asked Ravi if he had bought tickets for the concert.**

**(i) Statement – Assertive**
**(ii) Statement - Negative**
**(iii) Interrogative**
**(iv) Imperative**
**(v) A universal truth.**

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**

(a) (ii) only
(b) (iii) only
(c) (iv) only
(d) (i) and (v) only
(e) Question not attempted

**32. Choose the *most appropriate* option to fill in the blanks:**

**________ postman's little boy said that he'd rather be ________ dentist than _______ cardiologist, because _______ dentist don't get called out at night.**

(a) The, a, a, x,
(b) A, the, the, a,
(c) The, the a, x,
(d) x, a, a, a
(e) Question not attempted

**33. Choose the *most appropriate* (List-I) with correct preposition (List-II).**

| List-I (Sentence) | List-II (Preposition) |
|---|---|
| (a) Ganesh Magrees opinion expressed. | (i) on |
| (b) I cannot agree this proposal. | (ii) with |
| (c) I fully agree you on this proposal. | (iii) to |
| (d) All agreed the term of agreement. | (iv) in |

**Choose the most appropriate answer from the options given below**

(a) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(b) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)
(c) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(iv)
(d) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(e) Question not attempted

**Select the correct antonym to the given words.**

**34. Match word (List-I) with its antonym (List-II).**

| List-I (Word) | List-II (Antonym) |
|---|---|
| (a) Salubrious | (i) Unhealthy |
| (b) Gaiety | (ii) Modest |
| (c) Conceit | (iii) Gravity |
| (d) Acquittal | (iv) Conviction |

**Choose the most appropriate answer from the options given below :**

(a) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(i)
(b) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(c) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(d) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(iv)
(e)Question not attempted

**35. Match word (List-I) with its synonym (List-II).**

| List-I (Word) | List-II (Synonym) |
|---|---|
| (a) Servile | (i) Chatter |
| (b) Rimy | (ii) Docile |
| (c) Quirk | (iii) Frosty |
| (d) Prate | (iv) Whim |

**Choose the most appropriate answer from the options given below :**

(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)
(c) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
(d) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(e) Question not attempted

**36. जनवरी 2025 में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने किस स्थान से मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन की शुरुआत की है?**

(a) जयपुर (b) कोटा
(c) उदयपुर (d) अजमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. समुद्र के ऊपर बना देश का पहला ग्लास ब्रिज किस राज्य में बनाया गया है।**

(a) गुजरात (b) तमिलनाडु
(c) आंध्रप्रदेश (d) ओडिसा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. फरवरी 2025 में चर्चा में रहा महाकुंभभिषेकम कार्यक्रम का आयोजन किस देश में किया गया था?**

(a) नेपाल (b) इंडोनेशिया
(c) भारत (d) श्रीलंका
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. फरवरी 2025 में किस भारतीय खिलाड़ी को सी. के. नायडू लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**

(a) विराट कोहली (b) गौतम गंभीर
(c) सचिन तेंदुलकर (d) युवराज सिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. 'विंग्ड रेडर' सैन्य अभ्यास के संबंध में कथनों पर विचार कीजिए?**
**I. यह भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना का एक संयुक्त सैन्य अभ्यास हैं।**
**II. विशेष हवाई अभियानों पर केंद्रित इस अभ्यास का उद्देश्य अंतर-सेवा तालमेल को बढ़ाना और मजबूत करना था।**

(a) कथन I सही (b) कथन II सही
(c) कथन I व II दोनों सही (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. वर्ष 2025 जनवरी माह में कौनसा देश ब्रिक्स समूह का पूर्ण सदस्य बना है?**

(a) इरीट्रिया (b) बोत्सवाना
(c) इक्वेडोर (d) इंडोनेशिया
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. राज्य में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के संदर्भ में असत्य कथन हैं?**

(a) यह योजना वर्ष 2025 में शुरु की गई है।
(b) राज्य सरकार योजना के तहत योग्य लड़कियों को उनके विवाह के समय 20,000 से 30,000 रुपए की सहायता प्रदान करती है।
(c) आवेदक विवाह के तीन वर्ष तक योजना के तहत मिलने वाले लाभ के लिए आवेदन कर सकेंगे।
(d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. एकुवेरिन' सैन्य अभ्यास के संबंध में सत्य कथन हैं?**
**I. यह एक संयुक्त भारत-मालदीव सैन्य अभ्यास हैं।**
**II. इसके 13वें संस्करण की मेजबानी 2-15 फरवरी 2025 तक मालदीव द्वारा की गई।**

(a) केवल कथन I सही
(b) केवल कथन II सही
(c) कथन I व II दोनो सही
(d) न तो कथन I न कथन II सही
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. फ़रवरी 2025 में घोषित की गई रामसर साइट में असंगत है।**

| स्थल | राज्य |
|---|---|
| (a) उधवा झील | झारखंड |
| (b) खेचोपलरी | उत्तराखण्ड |
| (c) थेरथंगल पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु |
| (d) सक्करकोट्टई पक्षी अभयारण्य | तमिलनाडु |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. फरवरी 2025 में राज्यपाल के द्वारा प्रदेश के किस विश्वविद्यालय के कुलपति को निलम्बित किया गया था ?**

(a) जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय
(b) महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय
(c) राजस्थान विश्वविद्यालय
(d) श्री कर्ण नरेंद्र विश्वविद्यालय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. नीचे दिए गए प्रश्न में एक अभिकथन (Assertion – (A) तथा एक कारण (Reason – R) दिया गया है।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
**कथन (A): किसी ध्वनि स्रोत की आवृत्ति 50 Hz होने पर 2 सेकंड में कम्पनों की संख्या 100 होगी।**
**कारण (R): आवृत्ति (frequency) का अर्थ है प्रति सेकंड होने वाले कम्पनों की संख्या। अतः कुल कम्पनों की संख्या = आवृत्ति × समय = 50 Hz × 2 s = 100 कम्पन।**
**विकल्प:**

(a) दोनों (A) और (R) सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) दोनों (A) और (R) सत्य हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सत्य है किन्तु (R) असत्य है।
(d) (A) असत्य है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. नीचे दिए गए प्रश्न में एक अभिकथन (Assertion – A) तथा एक कारण (Reason – R) दिया गया है।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए:**
**A.(अभिकथन):$BaCl_2(aq)+Na_2SO_4(aq) \rightarrow BaSO_4(s)+2NaCl(aq)$ एक द्वि-विस्थापन अभिक्रिया है।**
**R (कारण):इस अभिक्रिया में दो यौगिकों के आयन आपस में अदला-बदली करके नए पदार्थ बनाते हैं।**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कर नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही कथनों का चयन कीजिए-**
**1. ग्रेफाइट ऊष्मा व विद्युत का अच्छा चालक है।**
**2. ग्रेफाइट ऊष्मा का अच्छा चालक, परन्तु विद्युत का कुचालक है।**
**3. डायमण्ड ऊष्मा का अच्छा चालक, परन्तु विद्युत का कुचालक है।**
**4. डायमण्ड ऊष्मा व विद्युत का कुचालक है।**
(a) 1 व 4 (b) 1 व 3
(c) 2 व 3 (d) 2 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. नीचे दिए गए प्रश्न में एक अभिकथन (Assertion – A) तथा एक कारण (Reason – R) दिया गया है।**
**सही विकल्प का चयन कीजिए**
**कथन (A): रॉकेट की गति पर संवेग का संरक्षण सिद्धांत लागू होता है।**
**कारण (R): रॉकेट ईंधन जलाकर गैसों को पीछे की ओर उच्च वेग से निकालता है, जिससे गैसों को पीछे की दिशा में संवेग मिलता है। बाह्य बल अनुपस्थित (या नगण्य) होने पर कुल संवेग संरक्षित रहता है, इसलिए रॉकेट को आगे की दिशा में बराबर संवेग प्राप्त होता है (न्यूटन का तृतीय नियम और संवेग संरक्षण का संयोजन)।**
(a) दोनों कथन (A) और कारण (R) सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) दोनों A और R सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है लेकिन R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. एक परिपथ में 3Ω, 6Ω और 2Ω के तीन प्रतिरोध समानांतर (parallel) में जुड़े हैं, और इस संयोजन को 12V की बैटरी से जोड़ा गया है। पूरे परिपथ में प्रवाहित कुल धारा का मान ज्ञात कीजिए।**
(a) 6 A (b) 8 A
(c) 12 A (d) 16 A
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. भारत की संविधान सभा के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिएं :**
**(i) संविधान सभा का अंतिम अधिवेशन 24 जनवरी, 1950 को हुआ।**
**(ii) इस अंतिम अधिवेशन में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद भारत के राष्ट्रपति पद पर विधिवत निर्वाचित घोषित किए गए।**
(a) न तो (i) न ही (ii) सही है ।
(b) (i) और (ii) दोनों सही हैं।
(c) केवल (ii) सही है।
(d) केवल (i) सही है
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. निम्नलिखित में से कौनसा कथन भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची का सही वर्णन करता है?**
(a) इसमें संविधान से मान्यता प्राप्त भाषाओं को शामिल किया गया है।
(b) इसमें जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के संबंध में प्रावधान शामिल है।
(c) यह संघ और राज्यों के बीच शक्तियों के वितरण की सूची देता है।
(d) यह संवैधानिक कार्यकर्ताओं के वेतन और अनुमोदनों से संबंधित है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक अधिकार नागरिकों एवम् गैर-नागरिकों दोनों के लिए उपलब्ध है -**
(a) अनुच्छेद 16 के अंतर्गत सार्वजनिक रोजगार में अवसर की समानता का अधिकार
(b) अनुच्छेद 29 में उल्लिखित सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
(c) अनुच्छेद 14 के अंतर्गत विधि के समक्ष समानता का अधिकार
(d) अनुच्छेद 19 के अंतर्गत प्रत्याभूत स्वतंत्रता का अधिकार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. सही कथन का चयन कीजिए-**
**1. अनुच्छेद 74 (2) के अनुसार, इस प्रश्न की किसी न्यायालय में जाँच नहीं की जाएगी कि क्या मंत्रियों ने राष्ट्रपति को कोई सलाह दी, और यदि दी तो क्या दी।**
**2. अनुच्छेद 75(2) के अनुसार, मंत्री, राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त अपने पद धारण करेंगे।**
**3. अनुच्छेद 75(3) के अनुसार, मंत्रिपरिषद लोक सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होगी।**
(a) केवल 2 सत्य है।
(b) 1 तथा 2 दोनों सत्य हैं।
(c) 2, 3 दोनों सत्य हैं।
(d) 1, 2 तथा 3 सभी सत्य हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के विरुद्ध महाभियोग के प्रस्ताव की जाँच करने वाली समिति में कुल सदस्य होते हैं:**
(a) सर्वोच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश और दो प्रतिष्ठित न्यायविद्
(b) सर्वोच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद्
(c) सर्वोच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश और दो प्रतिष्ठित न्यायविद्
(d) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, एक सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद्
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. राजस्थान की भौगोलिक स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
**1. रामदेवरा (जैसलमेर), जिला मुख्यालय से पूर्व दिशा में स्थित है।**
**2. राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला राजसमंद है।**
**3. सोजत और मारवाड़ जंक्शन दोनों पाली जिले के अंतर्गत आते हैं।**
**4.अक्षांशों के आधार पर झुंझुनूं, जोधपुर से अधिक उत्तर में स्थित है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. राजस्थान स्थित थार मरुस्थल को टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।**
**2. राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थल है।**
**3. 'थार' मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी है।**
**4. थार मरुस्थल मुख्यतः अरावली पर्वतमाला के पूर्वी भाग में स्थित है।**
**सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2 और 3 (d) सभी 1, 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. राजस्थान की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—**
**1. राजस्थान कर्क रेखा के उत्तर में स्थित होने के कारण शीत कटिबन्ध में आता है।**
**2. समुद्र से अधिक दूरी के कारण राजस्थान में महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।**
**3. अरावली पर्वतमाला की दिशा मानसूनी हवाओं के समानान्तर होने से वर्षा कम होती है।**
**4. माउंट आबू अधिक ऊँचाई पर होने के कारण अपेक्षाकृत ठण्डा रहता है।**
**5. पश्चिमी विक्षोभ से राजस्थान में सर्दियों में मावठ की वर्षा होती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) केवल 1 और 2 असंगत हैं (b) केवल 1 असंगत है
(c) केवल 2 और 3 संगत हैं (d) केवल 3 और 5 असंगत हैं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. निम्नलिखित पर विचार कीजिए -**
**कथन (A): घग्घर नदी को राजस्थान में "मृत नदी" कहा जाता है।**
**कारण (R): क्योंकि घग्घर नदी समुद्र तक नहीं पहुँचती और अंतः प्रवाहित होकर मरुस्थलीय क्षेत्र में समाप्त हो जाती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए—**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. सूची-I को सूची II से सुमेलित करें : [Reet Mains L-1 Exam Date: 17 Jan. 2026]**

| | सूची-I (मृदा) | | सूची-II (अभिलक्षण) |
|---|---|---|---|
| (a) | नवीन जलोढ़ मृदा | (i) | नाइट्रोजन और पोटाश की कमी |
| (b) | काली मिट्टी | (ii) | खादर |
| (c) | लेटेराइट मिट्टी | (iii) | ककड़ और पत्थर |
| (d) | पर्वतीय मिट्टी | (iv) | पोटाश और लाइम (चून) की प्रचुरता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii), (d)-(iv)
(b) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(i)
(c) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(iii), (d)-(i)
(d) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. पलाश वनों की विशेषताएँ क्या हैं?**
**a. ये वन उन क्षेत्रों में फैले हैं जहाँ का धरातल पथरीला एवं कठोर है।**
**b. ये पहाड़ियों के उन क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में पाये जाते है जहाँ पठारी भूमि उपलब्ध है।**
**c. इस प्रकार के वन केवल माउंट आबू क्षेत्र में पाये जाते हैं।**
**d. ये वन मैदानों में भी पाये जाते हैं जहाँ कंकड़ हैं और मृदा कम मात्रा में पायी जाती है।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें :**
(a) केवल a, c, d (b) केवल a, b, c
(c) केवल b, c, d (d) केवल a, b, d
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के सत्य कथन कौन-से हैं?**
**a. यह प्रतापगढ़ शहर में स्थित है।**
**b. यह अनेक पक्षियों का वास स्थान है।**
**c. यह तेंदुए (लेपॉर्ड) के संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है।**
**d. यहाँ विशेष ऋतुओं में अनेकों पक्षी प्रवास के लिए आते हैं।**
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) केवल b, c, d
(b) केवल b, d
(c) केवल a, b, d
(d) केवल a, b, c
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए;-**
**कथन (Assertion – A): जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान का भारत में जनसंख्या की दृष्टि से 8वाँ स्थान था।**
**कारण (Reason – R): क्योंकि उस समय तेलंगाना राज्य अस्तित्व में नहीं आया था और आंध्र प्रदेश एक संयुक्त राज्य था।**
**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, लेकिन R गलत है।
(d) A गलत है, लेकिन R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करे -**

| **सूची-I (राजस्थान में फसल)** | **सूची-II (आवश्यक वर्षा)** |
|---|---|
| **A. मक्का** | **I. 100 सेमी-120 सेमी** |
| **B. ज्वार** | **II. 50 सेमी-100 सेमी** |
| **C. गन्ना** | **III. 50 सेमी-125 सेमी** |
| **D. मूंगफली** | **IV. 40 सेमी-80 सेमी** |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(a) A-I, B-II, C-III D-IV
(c) A-I, B-IV, C-II, D-III
(c) A-IV, B-III, C-II, D-I
(d) A-II, B-IV, C-I, D-III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असंगत है?**
(a) केन्द्रीय ऊंट प्रजनन केन्द्र – जोहड़बीड़ (बीकानेर)
(b) भैंस प्रजनन केन्द्र – वल्लभनगर (उदयपुर)
(c) बकरी विकास एवं चारा उत्पादन केन्द्र – बस्सी (जयपुर)
(d) सुअर फार्म – अलवर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है। शिक्षा मनोविज्ञान की इस प्रकृति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपयुक्त नहीं है?**
(a) यह तथ्यों को जैसे वे हैं उसी तरह लेती है।
(b) यह तथ्यों को जैसे वे कार्य करते हैं उसी तरह लेती है।
(c) यह तथ्यों को तर्क और नैतिकता की दृष्टि से लेती है जैसा कि उन्हें होना चाहिए।
(d) यह बालक के व्यवहार को जैसा है उसी तरह लेती है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. जीवन-काल विकास सिद्धान्त के अनुसार "पहचान बनाम पहचान भ्रम" किस विकासात्मक अवधि की विशेषता है?**
(a) प्रारंभिक वयस्कावस्था (वयस्कता)
(b) मध्य बाल्यावस्था
(c) प्रारंभिक बाल्यावस्था
(d) किशोरावस्था
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. 'यदि विद्यार्थी का मन थका हुआ है, तो सीखने का वातावरण उपयुक्त होते हुए भी वह सीख नहीं पाता है।' यह कथन थॉर्नडाइक द्वारा बताए गए किस गौण नियम को संदर्भित करता है?**
(a) मानसिक विन्यास का नियम
(b) आंशिक क्रिया का नियम
(c) आत्मीकरण का नियम
(d) साहचर्य परिवर्तन का नियम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. जिया ने एक दुर्घटना में अपने पैर खो दिए। अब वह भारतीय राइफल शूटर अवनि लेखरा के व्यवहार की नकल करने की कोशिश कर रही है, जो पैरालिम्पिक्स 2024 में स्वर्ण पदक विजेता थी। जिया ने किस प्रकार की समायोजन युक्ति अपनाई है?**
(a) औचित्य स्थापन (b) तादात्मीकरण
(c) प्रक्षेपण (d) प्रतिक्रिया निर्माण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य शैक्षिक प्रबंधन से सम्बन्धित है?**
**(A) विद्यालय संगठन**
**(B) गतिविधियों की योजना**
**(C) प्रणाली नियंत्रण**
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
**कूट -**
(a) A तथा B
(b) केवल B
(c) A तथा C
(d) A, B तथा C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. नीचे प्रबंधन के सिद्धान्त दिए गए हैं। हेनरी फेयोल ने कौन से सिद्धान्त सुझाये थे ?**
**A. पारिश्रमिक**
**B. श्रम का विभाजन**
**C. नियंत्रण का विस्तार**
**D. अनुशासन**
**E. आदेश की एकता**
**नीचे दिए कूट से सही विकल्प का चयन कीजिए:**
**कूट :**
(a) केवल A, B, C
(b) केवल A, B, D, E
(c) केवल A एवं C
(d) केवल C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**कथन (A): राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), उदयपुर राज्य में विद्यालय शिक्षा के पाठ्यचर्या विकास, शिक्षक शिक्षा तथा शैक्षिक अनुसंधान की प्रमुख अकादमिक संस्था है।**
**कारण (R): SCERT राज्य में DIET, IASE तथा CTE जैसी शिक्षक शिक्षा संस्थाओं को शैक्षिक मार्गदर्शन एवं अकादमिक समर्थन प्रदान करता है।**
**उपरोक्त कथनों के संदर्भ में सही विकल्प का चयन कीजिए–**
(a) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परन्तु R गलत है।
(d) A गलत है, परन्तु R सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल के द्वारा परीक्षा में बैठने के लिए निम्नलिखित में से किस विषय/किन विषयों की अनिवार्यता नहीं है?**
**(a) गणित**
**(b) विज्ञान**
**(c) अंग्रेजी**
**सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट का उपयोग करके कीजिये:**
**कूट :**
(a) केवल (a) (b) केवल (b)
(c) (a) तथा (c) (d) (b) तथा (c)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के अनुसार अध्यापकों द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तरदायित्व पूरा नहीं किया जाना है?**
(a) शैक्षिक कैलेण्डर (पंचांग) का विनिश्चित करना।
(b) माता-पिता और अभिभावकों से नियमित बैठक रखना।
(c) विनिर्दिष्ट समय के भीतर सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पूरा करना।
(d) प्रत्येक बालक की अधिगम (सीखने) की क्षमता का आकलन करना।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. निम्न में से कौन-सा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान का उद्देश्य नहीं है?**
(a) लैंगिक दूरियों को कम करना
(b) आर्थिक एवं निर्योग्यता बाधाओं को दूर करना
(c) सन् 2020 तक माध्यमिक स्तर की शिक्षा में अवधारण
(d) उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा की पहुँच सन् 2017 तक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

**1. [a]**

**व्याख्या :**

◈ सिन्धु–सरस्वती सभ्यता की सबसे उल्लेखनीय विशेषता थी – उसकी नगर योजना।

◈ प्रमुख नगर जैसे मोहनजोदड़ो, हड़प्पा, धोलावीरा, राखीगढ़ी आदि में –सड़कें सीधी और एक-दूसरे को समकोण पर काटती थीं (ग्रिड पैटर्न), मकान पक्की ईंटों से बने थे, नाली व्यवस्था बेहद उन्नत थी, स्नानागार, अन्न भंडारण गृह, सिटाडेल (गढ़) आदि योजनाबद्ध रूप से बने थे।

इस तरह नगर नियोजन में इतनी आधुनिकता उस युग के लिए अभूतपूर्व थी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कथन I सत्य है।

◈ प्रारंभ में इसे केवल "सिन्धु घाटी सभ्यता" माना जाता था, लेकिन बाद में जब हरियाणा, राजस्थान, गुजरात आदि में भी खुदाई हुई, तो यह स्पष्ट हुआ कि सभ्यता का विस्तार सिर्फ़ सिन्धु नदी तक सीमित नहीं था।

◈ घग्घर–हकरा नदी प्रणाली, जिसे प्राचीन सरस्वती नदी के अवशेष माना जाता है, उसके किनारे भी कई प्रमुख स्थल (जैसे कालीबंगा, राखीगढ़ी, बनवाली) पाए गए।

◈ भारत सरकार के ASI (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) और अनेक इतिहासकारों ने इसे सिन्धु–सरस्वती सभ्यता कहकर मान्यता दी।

**2. [a]**

**व्याख्या :**

◈ प्रस्तर हाथी - ओडिशा के भुवनेश्वर के पास धौली में स्थित यह हाथी की मूर्ति तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व (मौर्य काल) की सबसे पुरानी ज्ञात चट्टान काटकर बनाई गई मूर्तियों में से एक है।

◈ चार एशियन सिंह- सारनाथ स्थित अशोक स्तंभ के शीर्ष पर चार एशियाई सिंह पीठ से पीठ सटाकर खड़े हैं। यह भारत का राष्ट्रीय प्रतीक (State Emblem) है।

◈ भव्य प्रवेश द्वार - मध्य प्रदेश के सांची स्थित महान स्तूप में चार दिशाओं में अत्यंत सुंदर और नक्काशीदार भव्य प्रवेश द्वार (तोरण) बने हुए हैं, जिन्हें सातवाहन काल में जोड़ा गया था।

◈ त्रिमूर्ति प्रतिमा - मुंबई के निकट एलिफेंटा गुफाओं में भगवान शिव की प्रसिद्ध 'महेश मूर्ति' या त्रिमूर्ति प्रतिमा स्थित है, जिसमें शिव के तीन रूपों को दर्शाया गया है।

**3. [d]**

**व्याख्या :**

सल्तनतकाल के प्रमुख राजवंश

| **वंश** | **संस्थापक** |
|---|---|
| गुलाम (1206-1290) | कुतुबुद्दीन ऐबक |
| खिलजी (1290-1320) | जलालुद्दीन खिलजी |
| तुगलक (1320-1414) | गयासुद्दीन तुगलक |
| सैय्यद (1414-1451) | खिजखाँ |
| लोदी (1451-1526) | बहलोल लोदी |

**4. [b]**

**व्याख्या :**

◈ महाड़ सत्याग्रह, जो 1927 में भारत के महाराष्ट्र के महाड़ शहर में हुआ था, इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में जाना जाता है।

◈ डॉ. बीआर अंबेडकर के नेतृत्व में, इस अहिंसक विरोध ने भारत में दलित समुदाय के लिए सामाजिक न्याय, समानता और नागरिक अधिकार प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। 20 जुलाई 1924 को अम्बेडकर ने 'अस्पृश्य' के उद्धार के लिए बॉम्बे के परेल में एक संगठन स्थापित किया, जिसे बहिष्कृत हितकारिणी सभा कहा जाता है।

**5. [b]**

**व्याख्या:-**

**रंगमहल (हनुमानगढ़) पुरातात्विक साक्ष्य–**

◈ रंगमहल का उत्खनन स्वीडिश पुरातत्त्वविद श्रीमती हन्नारिड के नेतृत्व में 1952–54 ई. के मध्य किया गया था।

◈ यहाँ से **कुषाणकालीन तथा उससे पहले की 105 ताँबे की मुद्राएँ** प्राप्त हुई है जिनमें कुछ पंचमार्क मुद्राएँ भी है।

◈ इसे **कुषाणकालीन सभ्यता के समान** माना जाता है।

◈ लाल रंग के पात्रों पर काले रंग के डिजाइन के कारण इसे रंग महल नाम मिला। **रंगमहल** के तीन बार बसने एवं उजड़ने के प्रमाण मिले हैं। यहां से गुप्त कालीन ब्राह्मी लिपि में बनी यशोदा कृति मिली है।

**6. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ आहड़ को ताम्रवती नाम से भी जाना जाता था क्योंकि यहां से बड़ी संख्या में ताँबे के औजार व उपकरण प्राप्त हुए हैं।

◈ आहड़ के उत्खनित स्थल को **'महासतिया'** कहा जाता है।

◈ गिलूण्ड (राजसमन्द) से भी आहड़ के समान धर्म संस्कृति मिली है।

**7. [c]**

**व्याख्या:-**

**प्रतिहारोंकी उत्पत्ति से संबंधित सिद्धांत**

| **सिद्धांत/मत** | **प्रतिपादक/समर्थक** |
|---|---|
| अग्निवंशी | चंद्रबरदाई |
| सूर्यवंशी | जी.एच.ओझा |
| रघुवंशी | ग्वालियर प्रशस्ति |
| ब्राह्मणवंशी | घटियाला शिलालेख |
| शक या सीथियन | जेम्स टॉड व कुक |
| हूण | डॉ. स्मिथ |
| कूषाण (यू - ची) | डॉ. कनिंघम |
| ईरानी | केनेडी |
| खजर | जैक्सन व भण्डारकर |

**8. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ 1857 की क्रांति का प्रतीक चिह्न - कमल का फूल और चपाती

◈ क्रांति के समय इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री - लॉर्ड पामर्स्टन

◈ क्रांति के समय अजमेर-मेरवाड़ा का कमिश्नर **-** कर्नल डिक्सन

◈ क्रांति के समय उत्तर-पश्चिम सीमान्त प्रान्त का मुख्यालय - आगरा

◈ क्रांति के समय अंग्रेजों का शस्त्रागार **-** अजमेर

**9. [b]**

**व्याख्या:-**

- मत्स्य संघ का विधिवत उद्घाटन 18 मार्च, 1948 को नरहरि विष्णु गाडगिल द्वारा भरतपुर के लोहागढ़ दुर्ग में किया गया था।
- मत्स्य संघ की राजधानी अलवर को बनाया गया था, न कि धौलपुर को। हालांकि, धौलपुर के शासक उदयभान सिंह को राजप्रमुख बनाया गया था।
- महाभारत काल के 'मत्स्य जनपद' के आधार पर इस संघ का नाम 'मत्स्य संघ' रखने का सुझाव के.एम. मुंशी ने दिया था।
- अलवर के शोभाराम कुमावत प्रधानमंत्री बने और भरतपुर के जुगल किशोर चतुर्वेदी को उप-प्रधानमंत्री बनाया गया (इन्हें 'दूसरा जवाहरलाल नेहरू' भी कहा जाता है)।
- इसमें 'ABDC' (Alwar, Bharatpur, Dholpur, Karauli) सूत्र के अनुसार 4 रियासतें और नीमराणा (अलवर) ठिकाना शामिल था।

**10. [d]**

**व्याख्या:-**

- मोतीलाल तेजावत: इन्होंने '21 सूत्री मांग पत्र' तैयार किया था जिसे 'मेवाड़ की पुकार' कहा जाता है।
- ठक्कर बापा: इन्होंने सबसे पहले आदिवासियों के लिए 'आदिवासी' शब्द का प्रयोग किया।
- गोविंद गिरी: मानगढ़ पहाड़ी का ऐतिहासिक नरसंहार (1913) इन्हीं के आंदोलन से जुड़ा है।
- मगन सागर: इन्होंने 'मीन पुराण' लिखकर मीणा जाति के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित किया।

**11. [c]**

**व्याख्या:-**

**बाँसवाडा प्रजामंडल (1943 ई.)**

- **संस्थापक -** भूपेन्द्र नाथ त्रिवेदी
- **अन्य सदस्य -** विनोदचंद्र जोशी, मणिशंकर नागर, धूलजी भाई भावसार, दीपा भगत, कुबला भगत, देवा मच्छार, हेमता भगत, सिद्धिशंकर, मोतीलाल व चिमनलाल मालोत।
- कृष्णदत्त पालीवाल, ज्वालाप्रसाद जिज्ञासु व जौहरीलाल इंदु द्वारा 1936 ई. में धौलपुर प्रजामण्डल की स्थापना की गई।

**12. [d]**

**व्याख्या:-**

- **हड़बूजी का जन्म -** भुंडेल (नागौर) में हुआ था।
- **पिता -** मेहाजी साँखला
- **मौसेरे भाई -** बाबा रामदेवजी
- गुरु - बालीनाथ
- सवारी - सियार
- ज्ञाता - शकुन शास्त्र
- प्रमुख पूजा स्थल - बेंगटी गाँव (फलोदी)
- पूजारी - साँखला राजपूत
- यहाँ हड़बूजी की गाड़ी (छकड़ा या ऊँट गाड़ी) की पूजा होती है।
- इस गाड़ी में हड़बूजी विकलांग गायों के लिए दूर-दूर से घास भरकर लाते थे।
- संकटकाल में **हड़बूजी ने जोधपुर के राजा राव जोधा** को **तलवार** भेंट की और **राव जोधा ने इन्हें बेंगटी (फलोदी)** की जागीर प्रदान की।

**13. [d]**

**व्याख्या:-**

**नारायणी माता –**

- **जन्म -** मोरागढ़, अलवर।
- **पिता -** विजयराम नाई।
- **माता -** रामवती।
- **मूल नाम –** करमेती
- **पति -** करणेश।
- नाइयों की कुलदेवी।
- नारायणी माता के **पुजारी मीणा** जाति के लोग होते हैं।
- इनका मेला **वैशाख शुक्ल एकादशी** को भरता है।

**14. [b]**

**व्याख्या:-**

- **सिंहथल शाखा (बीकानेर) -** संस्थापक संत हरिराम दास जी
- **रैण शाखा रैण (नागौर) -** संस्थापक संत दरियाव जी।
- **खेड़ापा शाखा (जोधपुर) -** संस्थापक संत रामदास जी।
- **शाहपुरा शाखा -** संस्थापक संत रामचरण जी ।

**15. [a]**

**व्याख्या:-**

- **भटनेर (Bhattner)-** भटनेर किला राजस्थान के **हनुमानगढ़ जिले** में स्थित है।
- इस दुर्ग का अन्य नाम **'उत्तरी सीमा का प्रहरी'** है। इसके **वास्तुकार -** केकेया है।
- यह **धान्वन श्रेणी** का दुर्ग है।

**16. [b]**

**व्याख्या:-**

1. प्रथम n प्राकृत संख्याओं का योग $= \frac{n(n+1)}{2}$

   प्रश्नानुसार n = 50 $= \frac{50(50+1)}{2} = \frac{50\times51}{2} = 1275$
2. 60 और 80 के बीच के अभाज्य संख्याएँ:

   61, 67, 71, 73, 79.

   इनका योग = 61+67+71+73+79 = 351.
3. प्रथम n प्राकृत संख्याओं का योग $= \frac{n(n+1)}{2}$

   प्रथम $n$ प्राकृत संख्याओं का माध्य $= \frac{n(n+1)}{2n} = \frac{n+1}{2}$

   प्रश्नानुसार,

   $\frac{n+1}{2} = \frac{2n}{3}$

   $3n + 3 = 4n \Rightarrow n = 3$

**17. [d]**

**व्याख्या:-**

- आयताकार खेत का क्षेत्रफल

  $= 588 \times 50 = 29400 \text{ m}^2$

  खोदी गई रेत का आयतन

  $= 30 \times 20 \times 12 = 7200 \text{ m}^3$

◈ बचे हुए खेंत का क्षेत्रफल (जो कि खोदा नहीं गया है)
$= 29400 - (30 \times 20)$
$= 29400 - 600 = 28800\ m^2$
खेत की बढ़ी हुई ऊंचाई $= \frac{7200^\circ}{28800}$
$= 0.25\ m = 0.25 \times 100 = 25\ cm.$

**18. [b]**

**व्याख्या:-**

$\because (a+b+c)^2 = a^2+b^2+c^2+2(ab+bc+ca)$
$(a+b+c)^2 = a^2+b^2+c^2+2(0)$
$\frac{a+b+c}{3} = M$ (दिया गया है)
$a+b+c = 3M \ldots\ldots\ldots\ldots(i)$

◈ समीकरण (i) व समीकरण (ii) से
$a^2+b^2+c^2 = (3M)^2 = 9M^2$
$a^2+b^2+c^2$ का माध्य $= \frac{a^2+b^2+c^2}{3} = \frac{9M^2}{3} = 3M^2$

**19. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ समंकों का वर्गीकरण, सारणीकरण की प्रथम अवस्था है। सारणीकरण- सारणीकरण वह रीति है जिसमें वर्गीकृत आंकड़ों को पंक्तियों व स्तम्भों में व्यवस्थित रूप में रखा जाता है।

◈ सारणियाँ मुख्यतः तीन प्रकार की होती है-
(i) सरल सारणियाँ (ii) द्विगुणी सारणियाँ
(iii) बहुगुणी सारणियाँ

**20. [c]**

**व्याख्या:-**

◈ कुल विद्यार्थी = 1200

◈ दिए गए आँकड़ों के अनुसार पैदल जाने वाले और साइकिल से जाने वाले विद्यार्थियों क्रमशः 180 और 360 है।

◈ अतः
पैदल जाने वाले छात्र = $\frac{180}{1200} \times 100 = 15\%$
साइकिल से जाने वाले छात्र = $\frac{360}{1200} \times 100 \times= 30\%$

◈ अतः क्रमशः 15% तथा 30% होंगे, विकल्प (c) सही होगा।

**21. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ $\frac{4x+17}{18} + \frac{x}{3} - \frac{7x}{12} + \frac{x+16}{36} = \frac{13x-2}{17x-32}$
$\frac{8x+34+12x-21x+x+16}{36} = \frac{13x-2}{17x-32}$
$\frac{50}{36} = \frac{13x-2}{17x-32}$
$\frac{25}{18} = \frac{13x-2}{17x-32}$
$425x - 800 = 234x - 36$
$191x = 764$
$x = \frac{764}{191} = 4$

**22. [a]**

**व्याख्या:-**

◈ $1.\overline{42} = \frac{p}{q} \Rightarrow 1 + \frac{42}{99} = \frac{p}{q}$
$\frac{141}{99} = \frac{p}{q}$

◈ योगान्तरानुपात द्वारा
$\frac{141+99}{141-99} = \frac{p+q}{p-q}$
$\frac{40}{7} = \frac{p+q}{p-q}$

◈ अतः $\frac{p+q}{p-q}$ का मान $\frac{40}{7}$ है, विकल्प (a) सही होगा।

**23. [b]**

**व्याख्या:-**

◈ दोस्त से मिलने का क्रम –

8:30, 9:15, 10:15, 11:30, ?
+45 मी. +60 मी. +75 मी. +90 मी.

◈ 11:30 + 90 मिनट = दोपहर 01:00 बजे

◈ अतः लड़का अपने दोस्त से मिलने फिर दोपहर 01:00 बजे आएगा

**24. [b]**

**व्याख्या:◈**

| L | A | N | G | U | A | G | E |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| +4↓ | +2↓ | +4↓ | +2↓ | +4↓ | +2↓ | +4↓ | +2↓ |
| P | C | R | I | Y | C | K | G |


उसी प्रकार,

| C | O | M | P | U | T | E | R |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| +4↓ | +2↓ | +4↓ | +2↓ | +4↓ | +2↓ | +4↓ | +2↓ |
| G | Q | Q | R | Y | V | I | T |

◈ अतः COMPUTER का कोड GQQRYVIT है, इसलिए सही विकल्प (b) है।

**25. [b]**

**व्याख्या:-**




◈ अतः E, C की पौत्री है, इसलिए सही उत्तर विकल्प (b) है।

**26. [b]**

**व्याख्या**

◈ नवांकुर → दीर्घ संधि
◈ सोमेश → गुण संधि
◈ लोकैश्वर्य → वृद्धि संधि
◈ प्रत्यूष → यण संधि
◈ गायन → अयादि संधि

**27. [d]**

**व्याख्या :-**

- 'सुवासिक, अभिमानी' शब्द में **उपसर्ग और प्रत्यय** दोनों प्रयुक्त हुए हैं।
- सुवासिक शब्द का मूल शब्द 'बास' है, जिसका अर्थ 'गंध' होता है। इस शब्द में 'सु' उपसर्ग और 'इक' प्रत्यय जुड़ कर ये शब्द बना है, जिसका अर्थ 'सुगंधित' होता है।
- 'अभिमानी' शब्द का मूल शब्द 'मान' है, जिसका अर्थ 'प्रतिष्ठा' होता है। इस शब्द में 'अभि' उपसर्ग और 'ई' प्रत्यय जुड़ कर ये शब्द बना है, जिसका अर्थ 'अहंकार, घमंड' होता है।

**28. [c]**

**व्याख्या:-**

- **नग के अनेकार्थक शब्द =** पक्षी, शून्य, वन, पहाड़, नगीना, पदार्थ, वृक्ष, जड़।

**29. [b]**

**व्याख्या:-**

- ऊर्ध्व (ऊपर) = अध: (नीचे)
- अवसान (अंत) = आरंभ (प्रारंभ)
- तिक्त (कड़वा) = मधुर (मीठा)
- सुधा (अमृत) = गरल (विष)

**30. [c]**

**व्याख्या:-**

- ग्रंथि – गांठ
- ग्रंथी - सिक्ख धर्म का पुरोहित/ विद्वान

**31. [b]**

**Explanation:-**

- Reported में "asked if" → interrogative sentence।

**32. [c]**

**Explanation:-**

- The postman's (specific), the dentists (profession), a cardiologist (एक), dentist (general, zero article)।

**33. [d]**

**Explanation:-**

(a) Ganesh Magrees opinion expressed. → in (iv)

- Correct: "Ganesh Magree's opinion expressed in."
  Standard: opinions/ideas are "expressed in" something (e.g., in words, in a speech). "In" fits here for the manner/medium of expression.

(b) I cannot agree this proposal. → to (iii)
Correct: "I cannot agree to this proposal."
"Agree to" = consent/accept a proposal, plan, or suggestion.

(c) I fully agree you on this proposal. → with (ii)
Correct: "I fully agree with you on this proposal."
"Agree with" = share the same opinion as a person (you).

- ("On" is optional/additional for the topic, but the blank needs with before "you".)

(d) All agreed the term of agreement. → on (i)

- Correct: "All agreed on the term of agreement."
- "Agree on" = reach consensus/mutual agreement about a specific point, term, or issue (here, the terms).

**34. [d]**

**Explanation:-**

- (a)-(i) Salubrious – Unhealthy: Salubrious means health-giving or beneficial to well-being.
  (b)-(iii) Gaiety – Gravity: Gaiety refers to a state of lightheartedness, cheerfulness, or merriment.
  (c)-(ii) Conceit – Modest: Conceit is excessive pride in oneself or one's abilities.
  (d)-(iv) Acquittal – Conviction: In a legal context, an acquittal is a judgment that a person is not guilty of the crime with which they have been charged.

**35. [b]**

**Explanation:-**

- (a) Servile → (ii) Docile
  (b) Rimy → (iii) Frosty
  (c) Quirk → (iv) Whim
  (d) Prate → (i) Chatter

**36. [b]**

**व्याख्या:-**

- जनवरी 2025 में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजस्थान के कोटा से मोबाइल पासपोर्ट सेवा वैन की शुरुआत की।
- इसका उद्देश्य दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पासपोर्ट सेवा आसानी से उपलब्ध कराना है।
- यह वैन पासपोर्ट सेवा केंद्र की तरह दस्तावेज़ सत्यापन और आवेदन प्रक्रिया में मदद करती है।
- इससे ग्रामीण और छोटे शहरों के नागरिकों को बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी।

**37. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारत का पहला समुद्र के ऊपर बना ग्लास ब्रिज तमिलनाडु में बनाया गया है।
- यह रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर और विवेकानंद मेमोरियल क्षेत्र के पास बनाया गया है।
- यह पुल पारदर्शी कांच से बना है, जिससे नीचे समुद्र का दृश्य दिखाई देता है।
- इसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और आकर्षक पर्यटन स्थल विकसित करना है।

**38. [b]**

**व्याख्या:-**

- फरवरी 2025 में महाकुंभभिषेकम कार्यक्रम का आयोजन इंडोनेशिया में किया गया।
- यह हिंदू मंदिरों में होने वाला एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है।
- इंडोनेशिया के बाली द्वीप में हिंदू संस्कृति का गहरा प्रभाव है।
- इस कार्यक्रम में मंदिर का पुनः अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं।

**39. [c]**

**व्याख्या:-**

- फरवरी 2025 में सचिन तेंदुलकर को सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा दिया जाता है।
- यह भारतीय क्रिकेट में लंबे समय तक उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है।
- सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट इतिहास के महान बल्लेबाजों में गिना जाता है।

**40. [c]**

**व्याख्या:-**

- विंग्ड रेडर भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना का संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- इसमें विशेष रूप से हवाई अभियानों (Airborne Operations) पर अभ्यास किया जाता है।
- इसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच समन्वय और तालमेल को मजबूत करना है।
- इससे युद्ध की स्थिति में तेज और प्रभावी संयुक्त कार्रवाई संभव होती है।

**41. [d]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2025 के जनवरी में इंडोनेशिया को ब्रिक्स समूह का पूर्ण सदस्य बनाया गया।
- ब्रिक्स का अर्थ है — ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका।
- यह समूह वैश्विक आर्थिक सहयोग और विकास को बढ़ावा देता है।
- इंडोनेशिया के जुड़ने से इस संगठन की आर्थिक और रणनीतिक शक्ति बढ़ी है।

**42. [d]**

**व्याख्या:-**

- मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता देना है।
- योजना के तहत पात्र परिवारों को 20,000 से 30,000 रुपये तक सहायता दी जाती है।
- यह योजना 2025 में शुरू नहीं हुई, बल्कि पहले से संचालित योजना है।
- साथ ही आवेदन के नियम अलग-अलग राज्यों में अलग होते हैं।
- इसलिए दिए गए कथनों में त्रुटि होने के कारण सही उत्तर (d) उपरोक्त सभी है।

**43. [c]**

**व्याख्या:-**

- एकुवेरिन (Ekuverin) भारत और मालदीव के बीच होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- इसका उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग और प्रशिक्षण बढ़ाना है।
- इसके 13वें संस्करण का आयोजन 2–15 फरवरी 2025 तक मालदीव में हुआ।
- इसमें आतंकवाद-रोधी और संयुक्त सैन्य संचालन का अभ्यास किया जाता है।

**44. [b]**

**व्याख्या:-**

- रामसर साइट अंतरराष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि (Wetlands) क्षेत्रों को कहा जाता है।
  उधवा झील — झारखंड सही युग्म है।
  थेरथंगल पक्षी अभयारण्य — तमिलनाडु भी सही है।
  सक्करकोट्टई पक्षी अभयारण्य — तमिलनाडु भी सही है।
- खेचोपलरी झील वास्तव में सिक्किम में है, इसलिए उत्तर (b) असंगत है।

**45. [a]**

**व्याख्या:-**

- फरवरी 2025 में राजस्थान के राज्यपाल ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय (जोधपुर) के कुलपति को निलंबित किया।
- यह कार्रवाई प्रशासनिक अनियमितताओं और शिकायतों के कारण की गई थी।
- राज्यपाल राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति (Chancellor) होते हैं।
- इसलिए उन्हें कुलपति के विरुद्ध कार्रवाई करने का अधिकार होता है।

**46. [a]**

**व्याख्या:**

- अभिकथन (A): 50 Hz आवृत्ति का अर्थ है कि ध्वनि स्रोत 1 सेकंड में 50 कंपन करता है। इसलिए, 2 सेकंड में कुल कंपन $50 \times 2 = 100$ होंगे। यह कथन सत्य है।
- कारण (R): आवृत्ति की परिभाषा ही यह है कि प्रति सेकंड होने वाले कम्पनों की संख्या। अतः, कुल कंपन = आवृत्ति × समय ($50Hz \times 2s = 100$) सही गणना है।
- चूंकि (R) सीधे (A) के परिणाम की पुष्टि करता है, इसलिए यह सही व्याख्या है।

**47. [a]**

**व्याख्या:**

- यह एक द्वि-विस्थापन (Double Displacement Reaction) है।
  अभिक्रिया:
- $BaCl_2 + Na_2SO_4 \rightarrow BaSO_4 + 2NaCl$
  इसमें
- $Ba^{2+}$ और $SO_4^{2-}$ मिलकर $BaSO_4$ (अवक्षेप) बनाते हैं
- $Na^+$ और $Cl^-$ मिलकर NaCl बनाते हैं
  दोनों यौगिकों के आयन आपस में अदला-बदली करते हैं।

**48. [b]**

**व्याख्या:**

**ग्रेफाइट**

- विद्युत का अच्छा चालक
- ऊष्मा का अच्छा चालक

**डायमंड**

- ऊष्मा का अच्छा चालक
- विद्युत का कुचालक

**49. [a]**

**व्याख्या:**

- रॉकेट संवेग संरक्षण के सिद्धांत पर कार्य करता है।
- जब गैसें पीछे की ओर उच्च वेग से निकलती हैं तो
- गैस का संवेग पीछे की ओर
- रॉकेट को आगे की ओर संवेग मिलता है
- यह न्यूटन का तृतीय नियम भी दर्शाता है।

**50. [c]**

**व्याख्या:**

- समानांतर संयोजन के लिए:
  हम प्रतिरोधों का समानांतर संयोजन का सूत्र उपयोग करेंगे:
  $\frac{1}{R_{eq}} = \frac{1}{3} + \frac{1}{6} + \frac{1}{2}, \frac{1}{R_{eq}} = \frac{2+1+3}{6} = \frac{6}{6} = 1$
  अतः $R_{eq} = 1\Omega$
  अब ओम का नियम से:
  $I = \frac{V}{R} = \frac{12}{1} = 12A$

**51. [b]**

**व्याख्या:-**

- संविधान सभा की अंतिम बैठक अर्थात् दिनांक 24 जनवरी, 1950 को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को सर्वसम्मति से भारत का अंतरिम राष्ट्रपति चुना गया। उन्होंने 26 जनवरी, 1950 को पद की शपथ ली।

**52. [c]**

**व्याख्या :**

- संविधान केंद्र और राज्यों के बीच विधायी विषयों के तीन गुना वितरण का प्रावधान करता है, अर्थात सातवीं अनुसूची में सूची- I (संघ सूची), सूची- II (राज्य सूची) और सूची- III (समवर्ती सूची)

**53. [c]**

**व्याख्या :**

- समानता: फ्रांसीसी क्रांति के नेताओं का विश्वास था कि कानून की दृष्टि से सभी व्यक्ति समान हैं। कानून चाहे किसी को बचाता है या सजा देता है, ऐसा उसे जन्म आदि के विभेद का लिहाज किए बिना ही करना चाहिए। इसके अलावा, सभी नागरिक केवल अपनी क्षमता, गुण और प्रतिभा के अनुसार सभी लोक पद, सम्मान और स्थान प्राप्त करने के लिए समान रूप से पात्र है।
- यह मौलिक अधिकार के अनुच्छेद 14 में समानता के दो व्यापक दृष्टिकोणों ( समानता और समान अवसर ) में परिलक्षित होता है, जो नकारात्मक और सकारात्मक दोनों समानता ( सकारात्मक कार्रवाई ) को बढ़ावा देता है।

**54. [d]**

**व्याख्या :**

- अनुच्छेद 74 (1) राष्ट्रपति को सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रि-परिषद होगी जिसका प्रधान, प्रधानमंत्री होगा और राष्ट्रपति अपने कृत्यों का प्रयोग करने में ऐसी सलाह के अनुसार कार्य करेगा
- अनुच्छेद 74 (2) इस प्रश्न की किसी न्यायालय में जांच नहीं की जाएगी कि क्या मंत्रियों ने राष्ट्रपति को कोई सलाह दी, और यदि दी तो क्या दी।

**55. [d]**

**व्याख्या :**

- अनुच्छेद 124(4): सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पदच्युति की प्रक्रिया निर्धारित करता है, जो अनुच्छेद 218 के अंतर्गत उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर लागू होती है।
- जाँच समिति: तीन सदस्यीय समिति गठित की जाती है, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश, एक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं।

**56. [b]**

**व्याख्या:–**

- रामदेवरा: यह जैसलमेर मुख्यालय के पूर्व में पोकरण के पास स्थित है।
- दक्षिणतम जिला: राजस्थान का सबसे दक्षिणतम जिला बाँसवाड़ा है, राजसमंद नहीं।
- सोजत व मारवाड़ जंक्शन: ये दोनों स्थान भौगोलिक और प्रशासनिक रूप से पाली जिले में स्थित हैं।
- अक्षांशीय स्थिति: झुंझुनूं (उत्तर) का अक्षांश जोधपुर (मध्य) से अधिक है, इसलिए झुंझुनूं अधिक उत्तर में है।

**57. [a]**

**व्याख्या:–**

- कथन 1 सही – थार मरुस्थल को प्राचीन टेथिस सागर का अवशेष माना जाता है।
- कथन 2 सही – राजस्थान के क्षेत्रफल का लगभग दो-तिहाई भाग मरुस्थलीय है।
- कथन 3 सही – थार मरुस्थल का कुल क्षेत्रफल लगभग 2,38,254 वर्ग किमी माना जाता है।
- कथन 4 गलत – थार मरुस्थल अरावली पर्वतमाला के पश्चिमी भाग में स्थित है, न कि पूर्वी भाग में।

**58. [b]**

**व्याख्या:-**

- कथन 1 असंगत है क्योंकि राजस्थान उष्ण कटिबन्ध में स्थित है, शीत कटिबन्ध में नहीं।
- कथन 2 संगत है क्योंकि समुद्र से दूरी के कारण महाद्वीपीय जलवायु पाई जाती है।
- कथन 3 संगत है क्योंकि अरावली की दिशा मानसूनी हवाओं के समानान्तर होने से वर्षा कम होती है।
- कथन 4 संगत है क्योंकि ऊँचाई बढ़ने पर तापमान घटता है, इसलिए माउंट आबू ठण्डा है।
- कथन 5 संगत है क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ से सर्दियों में मावठ की वर्षा होती है।

**59. [a]**

**व्याख्या:-**

- घग्घर नदी हिमालय से निकलकर राजस्थान में हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी क्षेत्र से प्रवेश करती है।
- यह नदी समुद्र तक नहीं पहुँचती, बल्कि मरुस्थल में अंतः प्रवाहित होकर लुप्त हो जाती है।
- इस कारण इसका जल स्थायी रूप से प्रवाहित नहीं रहता, इसलिए इसे "मृत नदी" कहा जाता है।
- यह अंतः प्रवाहित अपवाह तंत्र का प्रमुख उदाहरण है।

**60. [d]**

**व्याख्या:–**

| | सूची-I (मृदा) | सूची-II (अभिलक्षण) |
|---|---|---|
| (a) | नवीन जलोढ़ मृदा | खादर |
| (b) | काली मिट्टी | पोटाश और लाइम (चून) की प्रचुरता |
| (c) | लेटेराइट मिट्टी | नाइट्रोजन और पोटाश की कमी |
| (d) | पर्वतीय मिट्टी | ककड़ और पत्थर |

**61. [d]**

**व्याख्या:-**

- पलाश वन (ब्यूटिया मोनोस्पर्मा) पथरीले और कठोर धरातल, पठारी पहाड़ियों, और कंकड़ मैदानों में पाए जाते हैं।
- पलाश के वनो को **जंगल की ज्वाला** (Fire of Forest) कहा जाता है।
- ये उष्णकटिबंधीय/शुष्क पर्णपाती वन है।
- ये अलवर, अजमेर, सिरोही, उदयपुर, पाली, राजसमंद और चित्तौड़गढ़ में फैले हैं।
- पलाश वन कम मिट्टी वाले क्षेत्रों में भी उगते हैं।

**62. [b]**

**व्याख्या:-**

- केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर में है,
- यह पक्षियों का स्वर्ग है, जहाँ अनेक पक्षी प्रजनन और प्रवास (साइबेरियन क्रेन सहित) के लिए आते हैं ।

**63. [a]**

**व्याख्या:-**

- जनगणना 2011 में राजस्थान का स्थान 8वाँ था।
- उस समय तेलंगाना अलग राज्य नहीं था (तेलंगाना 2 जून 2014 को बना)।
- तेलंगाना बनने के बाद आंध्र प्रदेश की जनसंख्या कम हुई और राजस्थान 7वें स्थान पर आ गया।
- इसलिए कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

**64. [d]**

**व्याख्या:-**

- A. मक्का — II. 50 सेमी-100 सेमी
  B. ज्वार — IV. 40 सेमी-80 सेमी
  C. गन्ना — I. 100 सेमी-120 सेमी
  D. मूंगफली — III. 50 सेमी-125 सेमी

**65. [c]**

**व्याख्या:-**

- बकरी विकास एवं चारा उत्पादन केन्द्र **रामसर (अजमेर)** में स्थित है, न कि बस्सी (जयपुर) में।
- बस्सी (जयपुर) में **गाय-भैंस का कृत्रिम गर्भाधारण केन्द्र (फ्रोजन सिमन बैंक)** स्थित है।

**66. [c]**

**व्याख्या:-**

- शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है, जो तथ्यों को जैसे वे हैं, कैसे कार्य करते हैं, और जैसा है, उसी रूप में स्वीकार करता है। यह किसी आदर्श या नैतिक दृष्टिकोण से तथ्यों का विश्लेषण नहीं करता। इसलिए (c) कथन उपयुक्त नहीं है, क्योंकि यह शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति से मेल नहीं खाता है। शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है, जिसका अर्थ है कि यह तथ्यों को वस्तुगत रूप में और जैसे वे हैं, वैसे ही स्वीकार करता है। इसका उद्देश्य तथ्यों और घटनाओं का अवलोकन और उनका विश्लेषण करना है, बिना किसी पूर्वधारणा या मान्यता के। शिक्षा मनोविज्ञान बालक के व्यवहार का अवलोकन और विश्लेषण उसी रूप में करता है जैसे वह होता है, न कि यह विचार करता है कि व्यवहार को किस तरह से होना चाहिए।

**67. [d]**

**व्याख्या:-** एरिक इरिक्सन के मनोसामाजिक/जीवन-काल विकास सिद्धांत के अनुसार "पहचान बनाम पहचान भ्रम" किशोरावस्था की विशेषता है ।

**68. [a]**

**व्याख्या:-**

- थॉर्नडाइक ने अपने प्रयास एवं त्रुटि सिद्धांत के आधार पर सीखने के **3 मुख्य और 5 गौण** नियमों का प्रतिपादन किया।

**मुख्य नियम :-**

1. तत्परता का नियम (रुचि का नियम)
2. अभ्यास का नियम (उपयोग-अनुपयोग का नियम)
3. प्रभाव/परिणाम का नियम (संतोष-असंतोष का नियम)

**गौण नियम :-**

1. बहुप्रतिक्रिया का नियम
2. आंशिक क्रिया का नियम
3. मनोवृत्ति/अभिवृत्ति का नियम
4. आत्मीकरण/सादृश्यता का नियम
5. साहचर्य परिवर्तन का नियम

**मनोवृत्ति/अभिवृत्ति/मानसिक विन्यास का नियम (Law of Disposition):-** इस नियम से तात्पर्य है कि जिस कार्य के प्रति हमारी जैसी अभिवृत्ति या मनोवृत्ति होती है, उसी अनुपात में हम उसको सीखते हैं। यदि हमारी मानसिकता सकारात्मक है तो परिणाम सकारात्मक होंगे अन्यथा नकारात्मक। जैसे- मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।

**69. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ जिया ने अपने दु:ख व कमी से निपटने के लिए प्रेरणा स्रोत अवनि लेखरा के व्यक्तित्व और व्यवहार को अपनाने का प्रयास किया। यह प्रक्रिया तादात्मीकरण कहलाती है, जिसमें व्यक्ति दूसरों से समानता स्थापित कर मानसिक संतुलन बनाता है।
- ◈ **आत्मीकरण /तादात्मीकरण (Identification) -** स्वयं को किसी अन्य के अनुसार ढाल लेना। इस विधि में व्यक्ति किसी महान पुरुष, अभिनेता, आदर्श के अनुसार स्वयं को जोड़ता है और उनका अनुकरण करता है।
  जैसे- 10वीं में बार-बार अनुत्तीर्ण एक विद्यार्थी अपने आपकी तुलना सचिन तेंदुलकर से करता है।

**70. [d]**

**व्याख्या:-**

- ◈ शैक्षिक प्रबंधन से संबंधित कार्यों में विद्यालय संगठन, गतिविधियों की योजना और प्रणाली नियंत्रण शामिल हैं।
- ◈ **विद्यालय संगठन**- शैक्षिक प्रबंधन का मूल आधार है, जिसमें विद्यालय की संरचना, संसाधन प्रबंधन और कार्य विभाजन शामिल होता है।
- ◈ **गतिविधियों की योजना -** शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षण, पाठ्येतर गतिविधियों और अन्य योजनाओं का निर्माण शैक्षिक प्रबंधन का हिस्सा है।
- ◈ **प्रणाली नियंत्रण -** यह सुनिश्चित करना कि विद्यालय की प्रक्रियाएँ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप चल रही हैं, शैक्षिक प्रबंधन का महत्वपूर्ण कार्य है।

**71. [b]**

**व्याख्या:-**

- ◈ हेनरी फेयोल को 'प्रबंधन के सिद्धांतों का जन्मदाता' कहा जाता है।
- ◈ हेनरी फेयोल - "प्रबंधन से तात्पर्य पूर्वानुमान लगाना, योजना बनाना, संगठन करना, निर्देश करना समन्वय करना तथा नियंत्रण करना है।"
  नोट - हेनरी फेयोल ने संगठन के 14 सिद्धांत बताए,जो निम्नलिखित हैं-
  1. कार्य/ श्रम विभाजन 2. अधिकार एवं उत्तरदायित्व
  3. अनुशासन 4. आदेश की एकता
  5. दिशा की एकता
  6. व्यक्तिगत हित पर सामूहिक हित की प्रधानता
  7. वेतन
  8. केन्द्रीयकरण एवं विकेन्द्रीयकरण 9. आदेश श्रृंखला
  10. व्यवस्था 11. न्याय
  12. सेवा स्थायित्व 13. पहल
  14. दल भावना ।

**72. [a]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT), उदयपुर राज्य में विद्यालय शिक्षा के लिए प्रमुख अकादमिक संस्था है। यह पाठ्यचर्या विकास, शिक्षक प्रशिक्षण, शैक्षिक नवाचार और अनुसंधान का कार्य करती है। साथ ही यह DIET, IASE और CTE जैसी संस्थाओं को अकादमिक मार्गदर्शन प्रदान करती है, इसलिए कारण कथन A की सही व्याख्या करता है।

**73. [c]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल (RSOS) में माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर विषय चयन में लचीलापन दिया गया है। इसमें गणित और अंग्रेजी दोनों विषय अनिवार्य नहीं हैं। विद्यार्थी अपनी सुविधा और आवश्यकता के अनुसार विषय चुन सकते हैं, इसलिए गणित और अंग्रेजी की अनिवार्यता नहीं होती।

**74. [a]**

**व्याख्या-**

**शिक्षक के कर्तव्य**

- ◈ स्कूल जाने में नियमितता और समय की पाबंदी बनाए रखना।
- ◈ धारा 29 की उपधारा (2) के उपबंधों के अनुसार पाठ्यक्रम का संचालन और पूरा करना।
- ◈ निर्धारित समय के भीतर सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पूरा करना।
- ◈ प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता का आकलन करना और आवश्यकतानुसार, यदि कोई हो, तो उसके अनुसार अतिरिक्त निर्देश देना
- ◈ माता-पिता और अभिभावकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करें और उन्हें उपस्थिति की नियमितता, सीखने की क्षमता, सीखने में हुई प्रगति और बच्चे के बारे में अन्य प्रासंगिक जानकारी से अवगत कराएं।

**75. [d]**

**व्याख्या:-**

- ◈ राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA – Rashtriya Madhyamik Shiksha Abhiyan) का उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा की पहुँच बढ़ाना, लैंगिक एवं सामाजिक असमानताओं को कम करना तथा आर्थिक व शारीरिक बाधाओं को दूर करना था। इसका लक्ष्य माध्यमिक शिक्षा की सार्वभौमिकता की ओर बढ़ना था। उच्च माध्यमिक स्तर (कक्षा 11–12) की पहुँच 2017 तक बढ़ाना RMSA का उद्देश्य नहीं था।

♦♦♦♦